दिनांक : 22 मई 2017
आकाशवाणी गोरखपुर

प्रादेशिक समाचार 7:20 AM

मुख्य समाचार–

- प्रदेश में मण्डलीय समीक्षा बैठकों का सिलसिला जारी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल मुरादाबाद और बरेली मण्डलों की कानून–व्यवस्था और विकास कार्यो की स्थिति की समीक्षा की।
- खेत–तालाब योजना के तहत प्रदेश में इस वर्ष खोदे जायेंगे तीन हजार तीन सौ अड़तीस तालाब।
- आगामी आठ जुलाई को प्रदेश के सभी जिलों में होंगे राष्ट्रीय लोक अदालतों के आयोजन।
- भीषण गर्मी के बीच राज्य के पश्चिमी जिलों में कल शाम तेज रफ्तार आंधी के साथ हुई वर्षा।

मुख्यमंत्री/समीक्षा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस बात को दुहराया है कि राज्य के कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ कत्तई बर्दाश्त नही किया जायेगा। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार प्रदेश के बाईस करोड़ लोगों के प्रति जिम्मेदार है और उनके सर्वांगीण विकास के लिये प्रतिबद्ध है। कल मुरादाबाद और बरेली मण्डलों की कानून व्यवस्था तथा विकास कार्यो की स्थिति की समीक्षा करते हुये उन्होंने कहा कि वर्षो से बिगड़ी हुयी कानून व्यवस्था को ठीक करने में कुछ समय लगेगा। बरेली में आयोजित समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने भ्रष्टाचारमुक्त प्रशासन, अपराधमुक्त व्यवस्था और जन सामान्य में शासन, प्रशासन का विश्वास बढ़ाने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि अधिकारी जनहित में परिणाम नहीं देंगे तो कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि जेलों से अपराध संचालन की सूचना मिलने पर तुरंत निरीक्षण किया जाना चाहिए। जेलों में बंद दुर्दान्त अपराधियों से मिलने वालों के बारे में पूरी जानकारी रखी जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने ट्रैफिक नियमों का पालन कराने के लिए जागरूकता अभियान चलाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जन प्रतिनिधियों से बेहतर सम्बंध और संवाद स्थापित किया जाना चाहिए। इससे बेहतर परिणाम दिखायी देंगे। इस मौके पर उन्होंने बरेली के सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट को दो महीने के अंदर कार्यान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी पन्द्रह जून तक नदियों के तटबंध बना देने को कहा। नदियों के कटान क्षेत्रों को ठीक करने के निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ से जन–धन की हानि नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बरेली मण्डल की समीक्षा बैठक में बताया कि इसके बाद जिला स्तर की बैठकें शुरू की जायेंगी। मुरादाबाद मण्डल की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने अपराधियों के खिलाफ कठोर दण्डात्मक कार्यवाही करने के निर्देश देते हुए कहा कि आम लोगों के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने खनन, भू तथा अन्य माफियाओं के खिलाफ कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से पेयजल, भू–गर्भ जल तथा सफाई के सम्बंध में विशेष ध्यान देने को कहा। इसके अलावा पालिथिन मुक्त व्यवस्था को लागू करते हुए सभी कार्यालयों में पान, गुटका, तम्बाकू पर रोक लगाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने मुरादाबाद में दिव्यांगों को उपकरण बांटे जाने के एक कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया। इस मौके पर उन्होंने लोगों को बेहतर कानून व्यवस्था का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि तीन वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने कई जन कल्याणकारी योजनायें चलायी हैं। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद पहली बार किसी सरकार ने दिव्यांगों के बारे में इतना अधिक सोचा है। उन्हें आत्मनिर्भर और स्वावलम्बी बनाने की दिशा में सार्थक पहल की गयी है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि केन्द्र के इन प्रयासों को उत्तर प्रदेश में भी अमल में लाया जायेगा। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि उनकी सरकार के केवल दो महीने के कार्यकाल में बिजली व्यवस्था में सुधार हुआ है। उनकी सरकार के प्रयास से किसानों के बाईस हजार करोड़ रूपये के बकाये का भुगतान कर दिया गया है। उन्होंने कार्यक्रम में दिव्यांग जन को तिपहिया साइकिल बांटी।

♦♦♦♦♦♦♦♦♦♦♦♦

तालाब/शाही

खेत–तालाब योजना के तहत प्रदेश में इस वर्ष तीन हजार तीन सौ अड़तीस तालाब खोले जायेंगे। इसमें से लगभग दो हजार तालाब बुन्देलखण्ड क्षेत्र में खोदे जायेंगे। प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने कल देवरिया में संवाददाताओं को इस बात की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य में किसानों को खाद, बीज की कमी नहीं होने दी जायेगी। श्री शाही ने बताया कि गांवों में किसानों को बर्मी कल्चर का प्रयोग करने के लिए योजना लागू की जा रही है। इसके तहत लोगों को जैविक खेती और जैविक खाद के इस्तेमाल के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी करने के लिए राज्य के सैंतालिस जिलों में अगले महीने तक प्रयोगशालाएं स्थापित कर दी जायेंगी और वर्ष के अंत तक सभी किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड दे दिए जायेंगे। कृषि मंत्री ने बताया कि गेहूँ खरीद के लक्ष्य को चालिस लाख मीट्रिक टन से बढ़ाकर अस्सी लाख मीट्रिक टन कर दिया गया है और अब तक लगभग बीस लाख मीट्रिक टन गेहूँ की खरीद कर ली गयी है।

♦♦♦♦♦♦♦♦♦♦♦♦

राष्ट्रीय लोक अदालत

आगामी आठ जुलाई को प्रदेश के सभी जिलों में राष्ट्रीय लोक अदालतों के आयोजन किये जायेंगे। अधिकृत सूत्रों ने इस बात की जानकारी देते हुये बताया कि सभी जिलों के स्थानीय अदालतों में सुबह दस बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होगा। इनमें विभिन्न मामलों का निस्तारण सुलह–समझौते के आधार पर किया जायेगा। वादकारियों और अधिवक्ताओं से अपील की गयी है कि वे अपने लम्बित वादों का निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालतों के माध्यम से करायें तथा इस अवसर का लाभ उठायें।

♦♦♦♦♦♦♦♦♦♦♦♦

आतंकवाद विरोधी दिवस

प्रदेश भर में कल पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि आतंकवाद विरोधी दिवस के तौर पर मानायी गयी। इस मौके पर केन्द्र तथा राज्य सरकार के विभिन्न कार्यालयों में कर्मचारियों को सभी वर्गों के बीच शान्ति और सामाजिक सद्भाव कायम रखने तथा विघटनकारी शक्तियों का

विरोध करने की शपथ दिलायी गयी। राज्यपाल राम नाईक ने राजभवन के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को शपथ दिलायी। राज्य के सभी जिलों में इस मौके पर विभिन्न सरकारी कार्यालयों में आतंकवाद का डट कर मुकाबला करने और मानव जीवन मूल्यों को खतरा पहुंचाने वाली शक्तियों से लड़ने की शपथ दिलाये जाने की खबर है। लगभग सभी जिलों के कॉग्रेस कार्यालयों में कार्यकर्ताओं ने कल स्वर्गीय राजीव गांधी को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धापूर्वक स्मरण किया। कल ही के दिन सन् उन्नीस सौ इक्यानबे में तमिलनाडु के श्रीपेरूम्बदूर में श्री गांधी एक आतंकवादी हमले में शहीद हो गये थे।

♦♦♦♦♦♦♦♦♦♦♦♦

ट्रेन/बेपटरी

उन्नाव रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर तीन पर कल दोपहर लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस रेलगाड़ी के ग्यारह डिब्बे पटरी से उतर गये। इस दुर्घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नही मिली। पुलिस सूत्रों के अनुसार ट्रेन की गति धीमी होने के कारण बड़ा हादसा होने से बच गया। कुछ यात्रियों को मामूली चोटें आने की खबर है। यात्रियों को लखनऊ तक पहुंचाने के लिये बसों का इंतजाम किया गया। सूचना मिलते ही रेलवे और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। एक समाचार एजेंसी के अनुसार इस मामले की जांच आतंकवाद निरोधी दस्ता एटीएस करेगा।

♦♦♦♦♦♦♦♦♦♦♦♦

सिंचाई

प्रदेश सरकार ने अधिकारियों को किसानों की सिंचाई से सम्बन्धित समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण करने की निर्देश दिये हैं। सिंचाई तथा जल संसाधन विभाग के प्रमुख सचिव सुरेश चन्द्रा ने वाटर सेक्टर री–स्ट्रक्चरिंग परियोजना के द्वितीय चरण की अधिशासी समिति की चालीसवीं बैठक की अध्यक्षता करते हुये अधिकारियों से ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा कि किसानों को सिंचाई की कोई समस्या न होने पाए। उन्होंने कहा कि जन सहभागिता के आधार पर जल प्रबंधन समितियों का गठन कर के उन्हें सक्रिय करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

♦♦♦♦♦♦♦♦♦♦♦♦

डूबे

सीतापुर जिले के तंबौर क्षेत्र के बसंतापुर गांव में कल तीन बच्चों की नदी में डूब जाने से मौत हो गयी। बच्चों को बचाने के प्रयास में एक महिला भी डूब गयी लेकिन ग्रामीणों ने उसे नदी से बाहर निकाल लिया। महिला को गम्भीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

♦♦♦♦♦♦♦♦♦♦♦♦

मौसम

भीषण गर्मी के बीच विभिन्न पश्चिमी जिलो में कल शाम तेज रफ्तार आंधी आने तथा बूंदाबांदी होने के कारण तापमान में मामूली गिरावट दर्ज की गयी। आंधी के दौरान हुई दुर्घटनाओं तथा आकाशीय बिजली गिरने से आधा दर्जन लोगों की मौत होने की भी खबर है। गाजियाबाद, हापुड़, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, मेरठ, मैनपुरी, इटावा, मुरादाबाद, हरदोई और कानपुर सहित राज्य के कई हिस्सों में कल दोपहर बाद बादल छा गये। इनमें से कई स्थानों पर आंधी के साथ हल्की वर्षा हुई। मुजफ्फरनगर में तेज वर्षा होने की खबर है। सहारनपुर में आंधी और वर्षा के दौरान एक मकान की दीवार गिर जाने से दो बालिकाओं की मौत हो गयी जबकि दो बच्चे गम्भीर रूप से घायल हो गये। इस बीच कल इलाहाबाद प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा जहां दिन का अधिकतम तापमान पैंतालिस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। मौसम विभाग ने आज भी राज्य के कुछ हिस्सों में गरज–चमक कर बूंदाबांदी होने का अनुमान जताया है।

♦♦♦♦♦♦♦♦♦♦♦♦